## सार-समाचार

### खाटू दरबार सजेगा आज

**मेड़तासिटी, (निसं)।** मेड़ता शहर के जैतारण चौकी के पास स्थिति श्री सिद्धिविनायक मंदिर में नवरात्रा महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा हे । मीडिया प्रभारी सुनील पुरी ने बताया कि मंगलवार रात्रि को कृष्णा उड़ान एंड पार्टी,भवाई नृत्य,अग्नि नृत्य डांसर विक्की जेतारण, मटकी डांस कृष्ण उड़ान,रिंकू द्वारा किया गया। वही पहले विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत गणेश जी के भजनों से की गई। सिंगर दिनेश राणा, सिंगर पूजा राठौर आदि पाली कलाकारों ने विभिन्न भजनों का गायन किया। सतगुरु आया पावना बलिहारी जाऊ रे....। सुनो संवारा मडफिया वाला काली गाड़ी लानी है.. गुरुजी,माताजी, भेरूजी,हड़मान जी,मीरा बाई,सवारियां सेठ,तेजाजी आदि देवी देवताओं के भजनों का गायन किया। पंडित राम जीवन,महावीर प्रसाद द्वारा प्रतिदिन विशेष पूजा अर्चना के साथ आरती की जाती है। सिंगर दिनेश राणा, सिंगर पूजा राठौर, मंच संचालन जेठू सिंह राजपुरोहित,सूरज एंड पार्टी मथुरा ढोलक ऋषभ भाई,तबला वादक ललित भाई राठौर, की बोर्ड पर चेतन भाई, पेड पर जगदीश भाई राम, ढोल पर रवि भाई पंवार झांकी कलाकार बुधराम एंड पार्टी द्वारा विभिन्न झांकियां के साथ नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गई। बुधराम व सुरेश डांसर जेतारण चौकी आदि कलाकारों नृत्य किया। 10 अक्टूबर को श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया है जिसमें श्याम बाबा का दरबार लगेगा अखंड ज्योत होगी पुष्प वर्षा भी की जाएगी। इस दौरान अध्यक्ष विक्रम सिंह कालू, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश निम्बावत,उपाध्यक्ष रमेश जांगिड़, सचिव सागर सांखला, सह सचिव सुमेर सांखला,उपाध्यक्ष पप्पू जांगिड़,प्रचार मंत्री सुनील पुरी,मंत्री विजय शर्मा,संगठन मंत्री आशीष सोनी, जोरावर सिंह पंवार,मोतीलाल पालडिया, श्याम सुंदर सांखला सुशील टाक, हिम्मत सिंह सेठी, आशीष सोनी,सुरेश वैष्णव,मुकेश दाधीच आंतरोली,रामावतार सांखला, दिनेश सांखला, हर्ष जोशी गजेंद्र माली, मानसिंह पवार,किशन गहलोत,राजूराम सेन,रामेश्वर,सुरेश माली,रामकुआर जादम,भिवराज सांखला आदि मौजूद रहे।

### किकेट प्रतियोगिता का आगाज 21 से

**रूपनगढ, (निसं)।** ऐतिहासिक कस्बे रूपनगढ में डे, नाईट किकेट प्रतियोगिता को लेकर आज दिनांक 9 अक्टूबर को आरपीएल 6 रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की नीलामी एवं आरपीएल 6 के विजेता उपविजेता और थर्ड प्लेस रहने वाली टीमों की ट्रॉफी का अनावरण किया गया। आरपीएल 6 के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल श्रीमती सावित्री मालपानी शारीरिक शिक्षक दयाल राम ढाका गणित के व्याख्याता श्रीमान दिनेश जी रहे। अथितियो ने गणपति पूजा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान 16 टीमों के कप्तान एवं सभी टीमों के स्पॉन्सर मौजूद रहे सभी 16 टीमों के कप्तान एवं स्पॉन्सरों ने अपने-अपने टीमों के लिए खिलाड़ियों की बोली लगाई। आईपीएल 6 के आयोजन कर्ता श्री प्रभु सिंह राजावत अनिल राव असलम छिपा गोकुल चौधरी मोतीराम कुमावत जयपाल जी हिरेंद्र सिंह जी इरफान अशोक मनीष प्रीतम आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट सिटी के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया

■ जिला कलेक्टर लोक बन्धु ने समीक्षा बैठक में दिए त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर स्मार्ट सिटी के निर्माणाधीन कार्यों के निरीक्षण के साथ ही बुधवार को समीक्षा बैठक में जिला कलैक्टर लोक बन्धु द्वारा त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश प्रदान किए गए।

अजमेर स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला कलक्टर लोक बन्धु ने अजमेर स्मार्ट सिटी के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं आयुक्त नगर निगम देशल दान के साथ स्मार्ट सिटी के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। जेएलएन चिकित्सालय में प्रगतिरत मेडिसिन ब्लॉक तथा आईसोलेशन ब्लॉक के कार्यों का स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान प्रत्येक कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत रूप से अवगत करवाया गया। मेडिसिन ब्लॉक तथा आईसोलेशन ब्लॉक के कार्यो के संवेदकों को कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए गए। अजमेर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को प्राचार्य जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के साथ समन्वय स्थापित कर मेडिसिन ब्लॉक की विभिन्न सर्विसेज टेस्टिंग के लिए आवश्यक बिजली व पानी के कनेक्शन शीघ्र करवाने के निर्देश दिए गए।

इस निरीक्षण के दौरान मेडिसिन ब्लॉक में विभिन्न तलों पर निर्माणाधीन वार्डो में विभिन्न सुविधाओं का मौके पर निरीक्षण किया गया। निर्माणाधीन डीडीसी ब्लॉक का भी निरीक्षण किया। डीडीसी ब्लॉक में अंतिम चरण के रंग-रोगन के कार्य में तेजी लाकर शीघ्र कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। आईसोलेशन वार्ड में कार्य कर रहे संवेदक से दरवाजे, खिडकियां लगाते हुए फिनिसिंग कार्य को त्वरित गति देकर शीघ्र सम्पूर्ण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद अजमेर स्मार्ट सिटी की साप्ताहिक समीक्षा बैठक अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में नगर निगम के आयुक्त कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में स्मार्ट सिटी, आरएसआरडीसी, पीएचईडी, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा नगर निगम के अधिकारियों ने विभिन्न कार्यों की प्रगति के बारे में अवगत करवाया गया। इन कार्यों की गति बढ़ाकर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के लिए पाबंद किया गया।

# एकल नृत्य में प्रीति शर्मा प्रथम

■ बेस्ट गेस्ट डांसर कनिका व मुस्कान वासन्दानी चुनी

**ब्यावर, (निसं)** श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वद्धर्मान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में शारदीय नवरात्र के अवसर पर "वद्धर्मान डाँडिया नाइट-2024' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक शंकर सिंह रावत, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा, वद्धर्मान शिक्षण समिति अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया, उपाध्यक्ष प्रकाशचंद गदिया, सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष रमेश चन्द मेड़तवाल, प्रचार मंत्री दीपचन्द कोठारी, प्रबंधकारिणी सदस्य जंवरीलाल शिशोदिया, अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा एवं विमलेश ओस्तवाल नें माँ अम्बे के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया एवं महाविद्यालय प्राचार्य ने मुख्य अतिथि विधायक रावत का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया। गरबा कार्यक्रम विभिन्न चरणों एकताली गरबा राउण्ड, पाचिया, जनरल राउण्ड आदि के साथ चला।

इसमें रंग बिरंगे एवं पारंपरिक परिधानों में सजी महाविद्यालय की सभी छात्राओं एवं जिले की महिलाओं द्वारा पूरे उल्लास एव उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों ने भी माता के दरबार में मधुर संगीत पर पूरे जोश, उमंग और उत्साह से मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को अभिभूत कर दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन वर्षा तापड़िया, मीनाक्षी बजाज एवं साक्षी जैन द्वारा किया गया।

निर्णायक मंडल ने पूर्ण पारदर्शिता के साथ प्रतियोगिता के नतीजे घोषित करते हुए बताया कि एकल नृत्य में प्रथम स्थान पर प्रीति शर्मा, द्वितीय स्थान पर नीतिका अग्रवाल तथा तृतीय स्थान पर चक्षु, पांचिया राउण्ड में प्रथम स्थान पर दीपिका कुमावत, खुशी देवड़ा, द्वितीय स्थान पर माधुरी जाटव व नेहा जैन तथा तृतीय स्थान पर आस्था बसंल व निकिता गोलानी, बेस्ट कॉस्टयूम कॉलेज गर्ल आँचल सांखला प्रथम वर्ष कला रहीं, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही डाँडिया क्वीन जिया।

## विज्ञान मेले का समापन

**ब्यावर, (निसं)** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंठोजी माध्यम जवाजा का छात्र युवराज सिंह अपने जल शुद्धिकरण मॉडल के साथ राज्य स्तरीय विज्ञान मेले में भाग लेगा। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंठोजी माध्यम जवाजा के 18 विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय विज्ञान मेले में अजमेर में भाग लिया।प्रधानाचार्य ताराचंद जांगिड़ के अनुसार इनमें से पांच विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर स्थान प्राप्त किया। युवराज सिंह प्रथम ,द्वितीय दीपक और सुदीक्षा तथा तृतीय स्थान पर रुचिकाएवं करण रहे ।उप प्रधानाचार्य गुरु शरण गोयल ने बताया कि18 अक्टूबर को होने वाले राजस्थान राज्य के राज्य स्तरीय मेले में युवराज सिंह भाग लेंगे।


**विनोद मुकुट ट्रस्ट, ब्यावर**
**विक्रय निविदा**

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, अजमेर के आदेश क्रमांक/ट्रस्ट/देव/ 2022-23/2329 दिनांक 12.09.2024 के अनुसार विनोद मुकुट ट्रस्ट, विनोदीलाल जी की बगीची, टॉटगढ रोड, ब्यावर, जिला अजमेर की सम्पदा भूमि खसरा संख्या 1771, 1772, 1773, 1774, 1775, 1776, 1777, 1778, 1779, 2444/1770, 2451/1770 विनोदीलाल जी की बगीची, टॉटगढ रोड, ब्यावर स्थित कुल भूमि 21,608 वर्ग मी. में से 13,854 वर्ग मी. की खुली निलामी द्वारा बेचान करने की अनुमति प्राप्त हुई है जिसका विवरण निचे वर्णित है-
(1) क्षेत्रफल 3012 वर्ग मी. (खसरा नं. 1776 का हिस्सा, टाटगढ रोड की तरफ से) - अमानत राशि : 448000
(2) क्षेत्रफल 7957 वर्ग मी. (खसरा नं. 1776 का शेष हिस्सा, 1775, 1777, 1779 साकेत नगर, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की तरफ से) - अमानत राशि : 548000
(3) क्षेत्रफल 2885 वर्ग मी. (खसरा नं. 2444/1770, 1771 साकेत नगर, रोटरी भवन के पास से) - अमानत राशि : 222000
जो व्यक्ति इस खुली निलामी में भाग लेने को इच्छुक है। वह ब्यावर स्थित पंजिकृत कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 16.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे ऊपर वर्णित अमानत राशि का डी.डी. ट्रस्ट के नाम पर जमा करा कर खुली निलामी में भाग ले सकते है।
सचिव,
सम्पर्क: 9829019304


# कलेक्टर ने किया जवाजा का दौरा

**ब्यावर, (निसं)** जिला कलेक्टर डॉ श्री महेंद्र खडगावत बुधवार को जिले के जवाजा क्षेत्र के दौरे पर रहे।जिला कलेक्टर ने जवाजा पंचायत समिति परिसर में आयोजित सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जुड़े प्रकरणों के निस्तारण हेतु आयोजित कैंप का अवलोकन किया ।उन्होंने अधिकारियों द्वारा कैंप में मौजूद ठाामीणों के पेंशन से संबंधित विभिन्न प्रकरणों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठजनों व विभिन्न वर्गों के पेंशन से संबंधित किसी भी समस्या का तत्काल निवारण किया जाए।

कलेक्टर ने कैंप में आए ग्रामीणों की समस्या सुनी एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। विकास अधिकारी बलराम मीणा ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार कैंप का आयोजन कर सत्यापन से जुड़े लगभग 70 से ज्यादा लोगों के पेंशन सत्यापन मौके पर ही किये गए एवं 30 से ज्यादा प्रकरणों को निस्तारण के लिए जयपुर मुख्यालय प्रेषित किया गया।

# कलाकृति बना दिखाए तम्बाकू से होने वाले नुकसान

**नागौर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में राज्य में टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन आयोजित किया जा रहा है। इस कैम्पेन के तहत विभिन्न तरह की जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश कुमावत ने बताया कि नागौर जिले में भी टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन के तहत कार्ययोजना के अनुसार विभिन्न तरह की जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन पंचायतीराज विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, सरकारी एवं निजी नर्सिंग कॉलेजों सहित स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को भी नागौर में टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन के तहत नर्सिंग विद्यार्थियों की पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन श्री दरियाव नर्सिंग कॉलेज में किया गया। नर्सिंग कॉलेज के निदेशक मुकेश पूनिया के मार्गदर्शन में आयोजित तम्बाकू पदार्थों से होने वाले नुकसान विषय पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का संयोजन कॉलेज की प्राचार्य हेमलता ने किया। उन्होंने बताया कि टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन के तहत कॉलेज के नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों ने पोस्टर में तम्बाकू के विभिन्न पदार्थों का सेवन करने से स्वास्थ्य से होने वाले नुकसान तथा इससे खराब होने वाले मानव अंगों तथा कैंसर जैसी बीमारियों के बारे में जानकारी दी है।

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

न.नि.अ/24-25/भवन/552 दिनांक: 09/10/24

**आपत्ति सूचना**

श्रीमती रानू लोकवानी पत्नी श्री कमलेश लोकवानी एवं श्री कमलेश लोकवानी पुत्र श्री भगवानदास निवासीगण ए-432 चन्द्रवरदाई नगर अजमेर द्वारा एक भूखण्ड संख्या 26 जो थोक मालियान द्वितीय के खसरा संख्या 6161 का एक भाग है जो थोक मालियान द्वितीय जवाहर लाल की नाडी चन्द्रवरदाइ नगर ए ब्लॉक के पास अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 121.26 वर्गमीटर है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानसार हैं।
पूर्व - भूखण्ड संख्या 1 पश्चिम - रास्ता आम 120 फुट चौड़ा
उत्तर - अन्य की सम्पति दक्षिण - भूखण्ड संख्या 25 श्री रमेश सक्सेना की सम्पति
अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।
उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण.स्वी./2024/3244 **आम सूचना** दिनांक : 27.9.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

**भवन निर्माण**

| फाइल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 90 | श्रीमती कानी देवी शर्मा प्रहलाद शर्मा | विष्णुनगर बिजयनगर ख.सं. 46/1 व 47/1 भू.सं. 07 | 167.22 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक -न.प.बि/नामा./2024/3445 **आम सूचना** दिनांक : 08.10.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लॉट गृहपंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

**नामान्तरण**

| फाइल नं. | आवेदन नाम | मूल आवंटी नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 278 | सराज खान पुत्र अब्दुल रईस | 1. गजेन्द्र कुमार शर्मा 2. शेरमोहम्मद खान | श्री विजय औद्योगिक श्रमिक कर्मचारी कॉलोनी बिजयनगर ख. सं. 1086/2 भू.सं. 05 | 136.11 SQ.YARD | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक -न.प.बि/नामा./2024/3422 **आम सूचना** दिनांक : 08.10.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लॉट गृहपंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

**नामान्तरण**

| फाइल नं. | आवेदन नाम | मूल आवंटी नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 271 | विक्रम सिंह भाटी पुत्र सिंह भाटी | सदाकंवर पत्नि भैरूसिंह राजपूत | आबादी क्षेत्र राजनगर बिजयनगर म्यु नं. 13 आबादी प्लाट नं. 22 का पूर्व-दक्षिण की तरफ का हिस्सा | 86.66 SQ.YARD | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका, पुष्कर जिला अजमेर, राजस्थान**

क्रमांकं/नपापु/भूमि/2024/1710 दिनांक-04-10-2024

**उजरदारी सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पेश किया है। अतः आवेदक के खरीद सम्पत्ति हक हकूक एवं मालिकाना स्वामित्व संबंधी किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय प्रमाण प्रस्तुत करें। आपत्ति समयावधि बाद प्रस्तुत करने पर मान्य नहीं होगी तथा परिषद् द्वारा नियमानुसार नामान्तरण पट्टे की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी, जिसके बाद में कोई आपत्ति/उजर मान्य नहीं होगा। विवरण निम्नानुसार है-

| क्र स | आवेदक का नाम मय पिता/पति | स्थान जहाँ सम्पत्ति स्थित है | चतुर्थी सीमा | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुनील कुमार लालवानी गोवर्धन दास एवं श्री मनोज कालानी पुत्र वासुदेव कालानी | प्लॉट नं. सी-25, गणपति नगर भट्टवाय गणेश मंदिर रोड से आगे पुष्कर | पूर्व- अन्य की सम्पत्ति पश्चिम- रास्ता 40 फुट उत्तर- प्लॉट नं. सी-26 दक्षिण- प्लॉट नं. सी-24 | 213.54 वर्गगज |

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका पुष्कर


